# आधार कार्ड शिविर 23 को

**संस, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 23 सितंबर को लगने वाले आधार कार्ड शिविर के बारे में जानकारी देने के लिए विधि विभाग के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए 6 गांवों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों को आधार कार्ड के बारे में जानकारी देते हुए विधि विभाग एवं कानूनी सहायता क्लीनिक के प्रभारी डा. प्रदीप सिंह ने बताया कि 23 सितंबर को हरियाणा के लोकायुक्त न्यायाधीश प्रीतम पाल विश्वविद्यालय में द्वितीय आधार कार्ड शिविर व सामाजिक और कानूनी मुद्दों पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सुशासन एवं सुगम न्याय की ओर विषय पर एक लघु नाटिका का मंचन भी किया जाएगा।

# हकेंविवि के विद्यार्थियों ने आधार कार्ड शिविर का किया दौरा



**महेंद्रगढ़** | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 23 सितंबर को लगने वाले आधार कार्ड शिविर के बारे में जानकारी देने के लिए विधि विभाग के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए 6 गांवों का दौरा कर आधार कार्ड शिविर की जानकारी दी। इस बारे में जानकारी देते हुए विधि विभाग एवं कानूनी सहायता क्लीनिक के प्रभारी डॉ. प्रदीप सिंह ने बताया कि 23 सितंबर को हरियाणा के लोकायुक्त न्यायाधीश प्रीतम पाल विश्वविद्यालय में द्वितीय आधार कार्ड शिविर व सामाजिक और कानूनी मुद्दों पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सुशासन एवं सुगम न्याय की ओर विषय पर एक लघु नाटिका का मंचन भी किया जाएगा।

# पढ़ाई में सभी को समान अवसर देगी सरकार : स्मृति

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** साक्षर भारत, सक्षम भारत अभियान के तहत केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति इरानी द्वारा शिक्षा नीति और शिक्षा क्षेत्र में विकास के लिए देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के छात्र प्रतिनिधियों से परिचर्चा की। गत दिवस हुई इस परिचर्चा में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व मनोविज्ञान के छात्र विकास यादव ने किया।

मंत्री ने लगभग ढ़ाई घंटे तक विभिन्न विषयों पर छात्र प्रतिनिधियों से चर्चा की। स्मृति इरानी से परिचर्चा के दौरान विकास यादव ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ के कुशल नेतृत्व में केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि अपने सामाजिक दायित्व निभाने के लिए भी कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने 6 गांवों को गोद लिया हुआ है और इन गांवों के विकास के लिए कृतसंकल्प है। आसपास के गांवों के स्कूली विद्यार्थियों के लिए सायंकालीन उपचारी कक्षाएं भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा चलाई जा रही है। विश्वविद्यालय के इस कदम की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने अन्य विश्वविद्यालयों को भी हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रेरणा लेने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने चर्चा के दौरान पीएचडी अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार के लिए पीएचडी शोधार्थियों को 3 से 6 महीने फील्ड में कार्य करने को अनिवार्य करने का सुझाव दिया। जिससे अन्य विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी सहमति जताई। उन्होंने विद्यार्थियों को परिवहन व्यवस्था व सड़कों की खराब हालत से होने वाली परेशानियों से भी मंत्री को अवगत कराया और समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया।

मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति इरानी ने शिक्षा में सभी को समान व निष्पक्ष अवसर उपलब्ध कराने की सरकार की मंशा जाहिर की। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि विकास यादव ने चर्चा को काफी सकारात्मक, प्रेरणादायक व उत्साहवर्धक बताते हुए कहा कि यह उनके जीवन का बहुत ही अच्छा अनुभव रहा और इस परिचर्चा से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला।



केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री स्मृति इरानी से परिचर्चा करते केंद्रीय विश्वविद्यालय जाटपाली के विद्यार्थी। जागरण

# मंत्री से मिला विवि प्रतिनिधिमंडल

## शिक्षा नीति व इसके विकास को स्मृति ईरानी कर रही हैं चर्चा

हरिभूमि न्यूज. महेंद्रगढ़

साक्षर भारत, सक्षम भारत अभियान के तहत केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने शिक्षा नीति और शिक्षा क्षेत्र में विकास के लिए देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के छात्र प्रतिनिधियों से परिचर्चा की। परिचर्चा में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व मनोविज्ञान के छात्र विकास यादव ने किया। मंत्री ने लगभग ढाई घंटे तक विभिन्न विषयों पर छात्र प्रतिनिधियों से चर्चा की। स्मृति ईरानी से परिचर्चा के दौरान विकास यादव ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विवि कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ के नेतृत्व में



**महेंद्रगढ़।** मानव संसाधन विकास मंत्री से मिलते हुए विश्वविद्यालय का दल।

केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि अपने सामाजिक दायित्व निभाने के लिए भी कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने 6 गांवों को गोद लिया

■ अन्य विवि हरियाणा केंद्रीय विवि से प्रेरणा लें

हुआ है और इन गांवों के विकास के लिए कृतसंकल्प है। साथ ही उन्होंने चर्चा के दौरान पीएचडी अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार के लिए पीएचडी शोधार्थियों को 3 से 6 महीने फील्ड में कार्य करने को अनिवार्य करने का सुझाव दिया, जिससे अन्य विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी सहमति जताई। उन्होंने विद्यार्थियों को परिवहन व्यवस्था व सड़कों की खराब हालत से होने वाली परेशानियों से भी मंत्री महोदया को अवगत कराया।

# विकास ने किया हरियाणा केंद्रीय वि.वि. का प्रतिनिधित्व

महेन्द्रगढ़, 21 सितम्बर (परमजीत/मोहन): "साक्षर भारत, सक्षम भारत" अभियान के तहत केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने 16 सितम्बर को शिक्षा नीति और शिक्षा क्षेत्र में विकास के लिए देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के छात्र प्रतिनिधियों से परिचर्चा की। इस परिचर्चा में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व मनोविज्ञान के छात्र विकास यादव ने किया।

मंत्री ने लगभग अढ़ाई घंटे तक विभिन्न विषयों पर छात्र प्रतिनिधियों से चर्चा की। स्मृति ईरानी से परिचर्चा के दौरान विकास यादव ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ के कुशल नेतृत्व में केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि अपने सामाजिक दायित्व निभाने के लिए भी कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने 6 गांवों को गोद लिया हुआ है और इन गांवों के विकास के लिए कृतसंकल्प है। आसपास के गांवों के विद्यार्थियों के लिए सायंकालीन उपचारी कक्षाएं भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा चलाई जा रही हैं। विश्वविद्यालय के इस कदम की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने अन्य विश्वविद्यालयों को भी हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रेरणा लेने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने चर्चा के दौरान पीएच.डी. अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार के लिए पीएच.डी. शोधार्थियों को 3 से 6 महीने फील्ड में कार्य करने को अनिवार्य करने का सुझाव दिया, जिससे अन्य विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी सहमति जताई। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि विकास यादव ने चर्चा को काफी सकारात्मक, प्रेरणादायक व उत्साहवर्धक बताते हुए कहा कि यह उनके जीवन का बहुत ही अच्छा अनुभव रहा और इस परिचर्चा से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला।



*छात्रों से रू-ब-रू होते हुए केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी।* (मोहन)


MARKET WATCH
व्यापार
Hindustan Tower
भारत सरकार द्वारा
रजि Idea airtel